कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्टाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांक: DSW/
दिनांक: 01.11.2021

प्रेस विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में बी०ए० एल–एल०बी० (पाँच वर्षीय), बी०कॉम० एल–एल०बी० (पाँच वर्षीय) एवं एल०एल०बी० (तीन वर्षीय) पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) दिनांक: 02.11.2021 को प्रकाशित की जायेगी। प्रथम वरीयता सूची के आधार पर विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में प्रवेश दिनांक: 02.11.2021, 08.11.2021 व 09.11.2021 (तीन कार्य दिवस) में किये जायेंगे। विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांक: 09.11.2021 तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा सम्पुष्ट (कन्फर्म) किया जाना अनिवार्य है।

विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में प्रथम वरीयता सूची से प्रवेश लेने वाले समस्त अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई०डी (login ID) से अपना पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर डाउनलोड करेंगे। पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास, आधार आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवश हेतु दिनांक: 02.11.2021, 08.11.2021 व 09.11.2021 (तीन कार्य दिवस) को सम्पर्क कर सकते है।

प्रथम वरीयता पर अंकित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में ही प्रवेश का अन्तिम अवसर दिया जायेगा।

01/11/2021
प्रवेश समन्वयक